PRINT

लोक मंत्र

| Regional News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 24809 |
|---|---|---|
| Date: 18.07.2026 | Page No. 04 | Serial No.: |

लोक मंत्र

रांची, शनिवार 18 जुलाई 2026

04

# अवैध कोयला परिवहन पर सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई, कोयला लदे दो वाहन जब्त

लोक मंत्र संवाददाता



**खलारी।** अवैध कोयला खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल एनके एवं पिपरवार ने शुक्रवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए कोयला लदे दो वाहनों को जब्त किया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

सीआईएसएफ के अनुसार, जामुन दोह (करकट्टा बस्ती के समीप) सुबह पांच बजे से क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) और आसूचना शाखा के जवानों ने विशेष घेराबंदी कर रखी थी। सुबह करीब साढ़े छह बजे एक ऑटो और एक मारुति ओमनी संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। जवानों ने दोनों वाहनों को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक वाहन लेकर खलारी की ओर भागने लगे। सीआईएसएफ के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों का पीछा कर उन्हें खलारी रांची मार्ग पर पकड़ लिया। हालांकि,मौके का लाभ उठाकर दोनों चालक मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर उप कमांडेंट अजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों वाहनों की तलाशी ली गई।